05 : आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश

विद्यार्थियों के हित में प्रवेश शुल्क किश्तों में जमा करने की सुविधा प्रदान करते हुए आनलाइन सीट आवंटन उपरान्त आवेदक को शुल्क विनियामक समिति द्वारा आवंटित महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय हेतु निर्धारित प्रवेश शुल्क की कुल राशि आयुक्त, उच्च शिक्षा, भोपाल के खाते में एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा कराने के पश्चात् ही आवेदक के प्रवेश की प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी होगी।

2. पाठ्यक्रमों में प्रवेश की पात्रता, प्रवेश प्रक्रिया तथा पाठ्यक्रम शुल्क : आवेदकों को संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.) के रेग्युलेशन 2014 में निर्धारित मानकों एवं मानदंडों के अनुसार संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निम्नांकित शर्तें पूर्ण करना आवश्यक है।

2.1 शैक्षणिक योग्यता :

क्र	पाठ्यक्रम	शैक्षणिक योग्यता / पात्रता	रिमार्क
1	बी.एड.	• स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि (विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी विषय) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण। • इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग या तकनीकी (विज्ञान एवं गणित विशेषज्ञता) या अन्य समकक्ष परीक्षा 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण। • स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की अवधि क्रमशः तीन एवं दो वर्ष मान्य	अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को अर्हतादायी अंकों में 05 प्रतिशत की छूट
2	एम.एड	• बी.एड/बी.ए. बी.एड/बी.एस.सी.बी.एड/ बी. एल.एड में 50 प्रतिशत अंकों अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ अथवा डी.एल.एड के साथ स्नातक उपाधि (दोनों) में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण।	अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को अर्हतादायी अंकों में 05 प्रतिशत की छूट
3	बी.पी.एड	• किसी विषय में स्नातक डिग्री न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण तथा कम से कम ए.आईयू/आई.ओ.ए/एस.जी.एफ.आई /भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेलकूद में अंतर महाविद्यालय/अंतर क्षेत्रीय / जिला / विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी। अथवा • शारीरिक शिक्षा में स्नातक उपाधि न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण। अथवा • किसी विषय में स्नातक डिग्री (शारीरिक शिक्षा में अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के साथ) न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण। अथवा • स्नातक डिग्री न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण और राष्ट्रीय/अंतर विश्वविद्यालय/राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी अथवा ए आई यू/आई ओए/एस जी एफ आई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेलकूद में अंतर महाविद्यालय/ अंतर क्षेत्रीय/जिला/विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, अथवा तृतीय स्थान। अथवा • अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी के साथ	अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को अर्हतादायी अंकों में 05 प्रतिशत की छूट

		स्नातक डिग्री अथवा संबंधित संघों/ एआईयू/आईओए/एसजीएफआई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेलकूद में राष्ट्रीय/अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय, अथवा तृतीय स्थान। अथवा • स्नातक डिग्री न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण और कम से कम तीन वर्ष का शिक्षण अनुभव (प्रतिनियुक्ति सेवाकालीन आवेदकों के लिए अर्थात प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक /कोच)	
4	एम.पी.एड.	• स्नातक डिग्री शारीरिक शिक्षा (बी.पी.एड.) अथवा समकक्ष अथवा स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा विज्ञान (बी.एस.सी.) न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण ।	अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को अर्हतादायी अंकों में 05 प्रतिशत की छूट
5	बी.एड–एम एड	• स्नातकोत्तर डिग्री (विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/मानविकी विषय) न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण • स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अवधि न्यूनतम दो वर्ष मान्य	अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को अर्हतादायी अंकों में 05 प्रतिशत की छूट
6	बी.ए.–बी.एड.	• उच्चतर माध्यमिक + 2 या इसके समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण	अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को अर्हतादायी अंकों में 05 प्रतिशत की छूट
7	बी.एस.सी. बी.एड	• उच्चतर माध्यमिक + 2 या इसके समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण	अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को अर्हतादायी अंकों में 05 प्रतिशत की छूट
8	बी.एल.एड	• हायर सेकेण्डरी परीक्षा अथवा इसके समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण	अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को अर्हतादायी अंकों में 05 प्रतिशत की छूट
9	बी.एड. (अंशकालीन तीन वर्षीय)	• न्यूनतम 2 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के पूर्णकालिक अध्यापक जिन्होंने विज्ञान/ मानविकी/सामाजिक विज्ञान में स्नातक डिग्री तथा/अथवा स्नातकोत्तर डिग्री/विज्ञान और गणित की पृष्ठभूमि/विशेषज्ञता सहित इंजीनियरी अथवा प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो।	—

(क) बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु –

स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि (विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी विषयों में) 50 प्रतिशत अंकों के साथ, इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग या तकनीकी (विज्ञान एवं गणित विशेषज्ञता) में 55 प्रतिशत अंकों के साथ या अन्य समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण आवेदक प्रवेश हेतु पात्र होंगे। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए अर्हतादायी अंकों में 05 प्रतिशत की छूट रहेगी। उन्हीं स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्राप्तांकों को मान्य किया जाएगा, जिनकी पाठ्यक्रम अवधि क्रमशः न्यूनतम तीन वर्ष एवं दो वर्ष की होगी।